आकस्मिक घटना होती है कि इसकी पूर्व सूचना, खासतौर से ठीक स्थान, किस समय और कितने समय के लिए घटेगी, यह बताना संभव नहीं है, ह्युमनली पोसिब्ल नहीं है। ऐसा कहीं नहीं हुआ अभी तक। यहां रेडियो, टी० वी०, नहीं है वहां कैसे गई सूचना, तो यह सिर्फ एक संभावित क्षेत्र के विषय में कहा जा सकता है, पर वह इतने कम क्षेत्र को प्रभावित करता है कि यह नहीं कहा जा सकता है कि यह क्षेत्र प्रभावित होगा, इतनी देर तक होगा, इतना नुकसान होगा। महाराष्ट्र में ओलावृष्टि की आपने चर्चा की और महाराष्ट्र को दी गई राशि के विषय में पूछा, इस प्रकार की मांग बहुत से राज्यों से आ रही है, पर चूंकि आपने महाराष्ट्र के विषय में पूछा, तो मैं आपको बताना चाहूंगा कि महाराष्ट्र ने बाढ़, भारी वर्षा, ओलावृष्टि और सूखा के कारण हुई क्षति के संबंध में मांग भेजी थी और उनको 53.98 करोड़ रुपए की राशि अवमुक्त की जा चुकी है। इस पूरे वर्ष की मैं कह रहा हूं।...(व्यवधान)...महाराष्ट्र सरकार को कुल 53.98 करोड़ की, मैं पहले ही कह चुका हूं कि इतनी राशि दी जा चुकी है पूरे वर्ष में और यह मांग कई प्रदेशों से आ रही है और जो पैस्ट अटैक की एक नई परिभाषा इसमें जोड़ दी गई है, इससे इसकी विषयावली का भी बहुत विस्तार होगा कि किस तरह इसको पूरा किया जाए। कई बार राजनीतिक कारणों से और बिना पूरी तरह विचार-विमर्श के इस तरह की बात करने से हानि होने की बात है। हम इस सारे को रिव्यू करेंगे समीक्षा करेंगे और मैं सदन को बताऊंगा। धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय। मैं पुनः धन्यवाद करना चाहता हूं माननीय सदस्यों का।

SHRI W. ANGOU SINGH (Manipur): Mr. Chairman, Sir, the hon. Minister has not given clarification to my question regarding the exclusion of Manipur from the list of States.

SHRI SOM PAL: Mr. Angou Singh, I have also not been able to find the name of Manipur. I will try to find out why it is not there and I will inform you. I undertake to inform the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Now the discussion on the Motion of Thanks on the President's Address. Shri Balwant Singh Ramoowalia.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS—CONTD.

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया (उत्तर प्रदेश): सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पैरा नम्बर, 4, 12, 15, 22, 28 और 36 पर मायूस

[उपसभाध्यक्ष (जी त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) पीठासीन हुए]

होकर अपने विचार व्यक्त कर रहा हूं। पैरा 28 में कहा गया है...(व्यवधान)...

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): सदर साहब, मैं यहां अकेला मिनिस्टर हूं, मैं चेयरमैन साहब से बात करने के लिए जा सकता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): वसीम साहब, सिकन्दर बख्त साहब थोड़ी देर के लिए जा सकते हैं?

श्री वसीम अहमद (उत्तर प्रदेश): बिल्कुल। हम इस वक्त कोई इन्कार नहीं करेंगे।

उपसभाध्यक्ष (जी त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): वसीम साहब की इजाज़त में पूरे सदन की इजाज़त है।

श्री बलवन्त सिंह रामुवालिया: तो मैं पैरा 28 में ...(व्यवधान)...

श्री वसीम अहमद: मैं आप ही की बात कह रहा हूं। उपसभाध्यक्ष जी, अब आप हाउस में देखिए कि पूरे हाउस में चार मैम्बर और मुश्किल से 10-12 लोग हैं, पूरा मीडिया खाली हो गया है। अब अगर सिर्फ हमको रिपोर्टिंग करानी है तो हम करा देंगे। जब कोई सुनने वाला नहीं है, कोई समझने वाला नहीं है तो बिना वजह ये खानापूर्ति हो रहा है। मेरी समझ में इससे कोई फायदा नहीं होगा हाउस को।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): जो सदस्य बोलना चाहते हैं, चर्चा में भाग लेना चाहते हैं, यहां आए हैं, उनको कम्प्लीट करा दें।

श्री वसीम अहमद: कल करा लीजिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): नहीं, कल संभव नहीं होगा।

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, I want to make a suggestion. Those hon. members who are present here intend to speak. You indicate those who are present here and

allow them to speak tomorrow. You cannot allow all the members to speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): It has already been decided in the meeting of the Business Advisory committee that the Prime Miniter...*(Interruptions)*...

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka): Sir, these statements were not there when the Business Advisory Committee met. They have taken four hours. *(Interruptions)*...

श्री वसीम अहमद: सर, चार घंटे लग गए स्टेटमेंट में। स्टेट्मेंट्स में चार घंटे लग गए। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): No. *(Interruptions)*... I am sorry. One person at a time. *(Interruptions)*...
One person at a time.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Sir, these two statements have taken away four hours from the time allotted for the discussion on the Motion of Thanks on the Pesident's Address. So, that much time should be given. You cannot expect members to sit up to 12 o'Clock in the night.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI):Leaders of different parties were present at the time of BAC meeting and this was agreed and the Chairman made it clear that there was no proposal to extend the session futher. One of the leaders said that some Members would be leaving the House before 7o'clock or so and that the session must end by tommorrow 5 o'clock and so on. We had also ascertained the convenience of the Prime Minister. He was supposed to give his reply today. but he was gracious enough to accede to our request and he said that he would not mind and he would make himself available tomorrow morning. Under these circumstances and when the Chairman has already taken a decision in the business Advisory Committee meeting and in the presence of all party leaders, my submission is that we should continue the business schedule as it is.

सदन के नेता (श्री सिकन्दर बख्त): सदर साहब, आपकी इज़ाज़त से मैं ऑनरेबल मैंबर्स को यह बताना चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा मैंबर्स को एकॉमोडेट करने के लिए हाऊस को एक दिन नहीं, बल्कि दो दिन बढ़ाया गया। बहुत सारे अहम मसायल थे जिनको बीच में लाना था, इसलिए तय हुआ कि आज जितनी भी बहस होनी है, वह आज पूरी की जाएगी। प्रधानमंत्री जी को आज बोलना था लेकिन तय किया गया कि वे दूसरे दिन बोलें। दूसरा दिन यानी कल का दिन भी ओवरलोडेड है और किसी और चीज का उसमें इज़ाफा नहीं हो सकता। बिजनैस ऐडवाईज़री कमेटी में, चेयरमैन साहब की मौजूदगी में यह फैसला हुआ और सभी पार्टियों के लोग इसमें शामिल थे। इसलिए उस फैसले पर हमें स्टिक करना चाहिए और उसे बहस का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

†[उर्दू सकंदर बख्त "तर्जुमा": सदर साहब आपकी इजाजत से मैं आनरेबल मेंबरस को यह बताना चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा मेंबरस को एकोमोडेट करने के लिए हाउस को एक दिन नहीं बल्कि दो दिन बढ़ाया गया। बहुत सारे अहम मसायल थे जिनको बीच में लाना था, इसलिए तय हुआ कि आज जितनी भी बहस होनी है, वह आज पूरी की जाएगी। प्रधानमंत्री जी को आज बोलना था लेकिन तय किया गया कि वे दूसरे दिन बोलें। दूसरा दिन यानी कल का दिन भी ओवरलोडेड है और किसी और चीज का उसमें इज़ाफा नहीं हो सकता। बिजनैस ऐडवाईज़री कमेटी में, चेयरमैन साहब की मौजूदगी में यह फैसला हुआ और सभी पार्टियों के लोग इसमें शामिल थे। इसलिए उस फैसले पर हमें स्टिक करना चाहिए और उसे बहस का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।]

†[Transliteration in Arabic Script

لوگ اس میں شامل تھے اسلئے اس فیصلے پر ہمیں اعتراض کرنا چاہیئے اور اسے بحث کا مدعا نہیں بنانا چاہیئے۔]

श्री मोहम्मद आज़म खान (उत्तर प्रदेश): यह बहस का मुद्दा नहीं है, एतराज का मुद्दा है। ऐतराज़ का मुद्दा इसलिए है कि आप सबसे ज्यादा नज़्म ज़ब्त की बात के क़ायल हैं और आप हमें ज़ाब्ते सिखलाते भी हैं। ज़ाब्ता यह नहीं है कि जो डिस्कशन अभी हुआ वह होता। पहले बहस हो जाती राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर और आखिर में जब सब बोल लेते, उसके बाद ये बहस होनी चाहिए थी, जो पहले हो गई और 4 घंटे उसमें लग गए।

श्री सिकन्दर बख्त: आपको शायद मालूम नहीं है कि हमेशा यह कायदा है कि जब किसी मिनिस्टर का स्टेटमेंट करना होता है तो कार्यवाही को रोककर स्टेटमेंट दिया जाता है। इसमें कोई नयी बात नहीं है।

†[श्री सिकन्दर बख्त: आपको शायद मालूम नहीं है कि हमेशा यह कायदा है कि जब किसी मिनिस्टर का स्टेटमेंट करना होता है तो कार्यवाही को रोककर स्टेटमेंट दिया जाता है। इसमें कोई नयी बात नहीं है।]

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): मैं भी आपके नोटिस में यह बात ला दूं कि चेयरमैन साहब ने ऐहतियात के तौर पर सदन से यह पूछा था कि क्या मंत्री महोदय का स्टेटमेंट पहले ले लिया जाए सोमपाल जी का स्टेटमेंट तो बिजनैस में छपा हुआ था। मैं समझता हूं कि इस पर और समय खराब न करके राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बहस जारी रखनी चाहिए। रामूवालिया जी, आप बोलिए।

श्री बलवन्त सिंह रामुवालिया (उत्तर प्रदेश): पहले आप पक्का कर लीजिए क्योंकि जब मैं खड़ा होता हूं तभी नेचुरल कैलेमिटी आ जाती है।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): पक्का हो गया। सब बात चंगी हो गई यहां पर।

श्री बलवन्त सिंह रामुवालिया: महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के 4, 12, 15, 22, 28, 36 पैराग्राफ्स पर नाखुशी और असंतुष्टि का इज़हार करते हुए मैं अपना वक्तव्य दे रहा हूं। महोदय, अभिभाषण के पैराग्राफ 28 में यह लिखा है कि—

"The Government is committed to initiate action to carve out Uttarakhand, Vananchal and Chattisgarh".

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि नए प्रदेश बनाने से बहुत से और मसले उभरेंगे। आप पंजाब को ले लीजिए। पंजाब का प्रदेश बना लेकिन अभी तक चंडीगढ़ नहीं मिला और न ही अभी तक पंजाबी भाषा-भाषी क्षेत्र पंजाब को मिले हैं और पंजाबी भाषा को पड़ोसी राज्यों में लागू करने का संत लोगोंवाल से जो वायदा था, उस पर भी अमल नहीं हुआ है। अभी पंजाब के दरियाओं के पानी का झगड़ा है, भाखड़ा-नंगल भी किसको देना है, वह झगड़ा भी है। ये झगड़े रहेंगे। इसलिए इस पर दोबारा गौर किया जाए।

महोदय, उत्तरांचल बनाते वक्त आपको देखना होगा कि पीलीभीत और उसके साथ डा० अम्बेडकर का जो डिस्ट्रिक्ट है और बाजपुर और नानकमत्ता, ये जो इलाके हैं, यहां पंजाबी और बंगाली बहुत रहते है। ये लोग उत्तरांचल में नहीं जाना चाहते। इसलिए ऐजीटेशन होगा, गड़बड़ होगी, यह मैं आपको आगाह कर देता हूं। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि अगर उत्तरांचल बनता है तो इन इलाकों को उत्तरांचल से बाहर रखना चाहिए और इन लोगों की राय ली जानी चाहिए कि ये शामिल होना चाहते है या नहीं।

महोदय, एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि दलित, पिछड़े, वर्ग, शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड-ट्राईब्ज तथा माईनोरिटीज़, इनका जिक्र अभिभाषण में बहुत कैजुअल तरीके से किया गया है। इन लोगों के जो मुद्दे हैं, इनका जिक्र आपने ऐसे छेड़ा है जैसे इनके कोई मुद्दे ही नहीं हैं। जैसे हम एक्सट्रा वगैरह लिख देते है। तो उनके बेसिक मुद्दे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप अल्पसंख्यकों की बात करते वक्त मौलाना आजाद एजूकेशन फाउंडेशन को 125 करोड़ करने का वायदा करेंगे? क्या अल्पसंख्यों की विधिक संस्थाओं को मान्यता देने का जो प्रश्न हमेशा रहता है उसको आप मानेंगे? क्या जो पंजाबियों की ओर सिखों की दिल्ली पुलिस में भर्ती पर अन-डिक्लेयड्र बेन है उसकी बात करेंगे? क्या आप ऐसे उपाय करेंगे जिससे अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों की पदोन्नति को रोकने वाले अफसरों को सजा दी जाए? क्या मॉयनोरिटी डवलपमेंट फाइनेंस कार्पोरेशन का जो बजट है, जो उसका शेयर केपिटल है उसको बढ़ाने के लिए इजाजत

†[ ]Transliteration in Arabic Script

देंगे? इसमें यह कुछ भी नहीं कहा गया है इसलिए मुझे मायूसी है। एक और बात मैं कहना चाहता हूं कि बच्चों के बारे में आपने एक अच्छी बात कही है। आपने लिखा है कि बच्चों का चरित्र और बच्चों के भविष्य के लिए हम लोग कदम उठाएंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि सारे दिन टी०वी० पर, सरकारी टेलीविजन पर सुपरस्टिशन जादू-टोना, ताबीज और भूत-प्रेत दिखाकर आप बच्चों को भविष्य में साईंस से, विज्ञान से जोड़ रहे हैं या विज्ञान से तोड़ रहे है? जो तर्कशील सोसाइटी बनी है सारे देश में उनकी बात को रेडियों और टेलीविजन पर लाना चाहिए।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में नम्बर-22 पर खेतीबाड़ी की बात कही गई है। बिल्कुल छोटे किसान, गांव में रहने वाले खेतिहर मजदूर और छोटे किसानों के बच्चों की तालीम छोटे किसानों के बच्चों की नौकरी, उसकी बेटी की शादी और दान-दहेज में जो खर्चा होता है वह तो इन मुसीबतों में घिर गया है। उसको कोई दवाई नहीं, छोटे किसान को अपनी फसल की इतनी अच्छी आमदनी नहीं और इस पर भी उसको महंगा तेल लेना पड़ता है। उस तेल में मिलावट होती है। डीजल में मिट्टी के तेल की मिलावट की जाती है। पंजाब में पिछले एक वर्ष में एक भी पैट्रोल पम्प पर छापा डालकर यह पता नहीं किया कि क्या डीजल से मिट्टी का तेल मिलाकर इंजन बरबाद हो रहे हैं? इसलिए मैं कहता हूं कि मुझे कोई उम्मीद नहीं कि आप खेतीबाड़ी की पैदावार बढ़ा सकेंगे? थीन डैम तो उसी तरह पड़ा हुआ है। कहीं तो पानी पाकिस्तान को जा रहा है और यहां पानी नहीं है पंजाब में। पंजाब में पानी का जल स्तर नीचे जा रहा है। उसको रोकने के लिए कोई प्रबंध नहीं। अगर नहीं करेंगे तो सिंकल इरिगेशन हो सकती है, ड्रिप इरिगेशन हो सकती है। पंजाब देश को 70 फीसदी अनाज देता है। अगर ऐसे प्रदेश में पानी जमीन के नीचे चला गया और जमीन बंजर बन गई तो कहां-कहां से अनाज मंगाएंगे? यह मुसीबत आने वाली है। मैं एक बात और जोर से कहना चाहता हूं। श्री सिकन्दर बख्त जी....**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): अब आपका समय भी हो गया है, मेहरबानी करके।

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया: वाईस चेयरमेन साहब, मैं आपके जरिए कहता हूं कि आज तक भाजपा के खिलाफ यह इल्जाम कभी नहीं लगा कि वह राष्ट्र को तोड़ना चाहती है। लेकिन आपको शायद पता नहीं कि एक इतना गलत काम हो चुका है तथा आप पर यह इल्जाम भी लगने वाला है कि भाजपा के हाथों देश की एकता और अखंडता को खतरा है। वह इल्जाम क्या है? वह इल्जाम नहीं, वह सूरज की तरह सच्चाई है। सच्चाई यह है कि भाजपा की राजस्थान सरकार ने पंजाबियों को और विशेषकर सिखों को राजस्थान में खेती की जमीन खरीदने पर पाबंदी लगा दी है। मैं बहुत जिम्मेदारी से कह रहा हूं, मैं किसी पर लांछन नहीं लगाना चाहता हूं। मैं तो मसले का हल चाहता हूं। राजस्थान में सिख जमीन नहीं खरीद सकते, पंजाबी जमीन नहीं खरीद सकते। क्योंकि रामूवाला गांव, मोंगा खन्ना की बात छोड़ो। श्री कृष्ण कांत जी हमारे उपराष्ट्रपति हैं।

गुजराल जी, सरदार मनमोहन सिंह जी, चीफ जस्टिस पुन्छी और एयर चीफ मार्शल सरीन राजस्थान में ज़मीन खरीदना चाहें और कहें कि हम पंजाब के रहने वाले हैं तो इन्हें ज़मीन नहीं मिलेगी। अगर*

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): आपने अपना प्वाइंट मेक्अप कर लिया?

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया: एक मिनट.....

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) :आगे बढ़िए। कोई और प्वाइंट कहिए।

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया: *....**(व्यवधान)**.....

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) :वैसे परम्परा यह है कि चेयरपर्सन, वाईस प्रेज़ीडेंट के बारे में या उनका नाम इन चीजों में नहीं लाया जाता। ....**(व्यवधान)**.....

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया: मैं कहता हूं कि उनको भी ज़मीन नहीं मिलेगी।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : उदाहरण के लिए नहीं, मेरी समझ में any reference in this regard to the Chairman may be deleted from the records.

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया: मैं यह कहना चाहता हुं कि आखिर राजस्थान में पंजाबियों के ज़मीन खरीदने पर रोक क्यों लगाई है? क्या ये दो देश हैं? हम बराबर के शहरी नहीं है?.....**(व्यवधान)**.....

सदन के नेता (श्री सिकन्दर बख्त): रामूवालिया जी.....मैं सिर्फ एक मिनट लूंगा।

†[ ]Transliteration in Arabic Script

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया: मैं एक मिनट में पढ़ दूं?

श्री सिकन्दर बख्त :मैं तो खत्म ही कर रहा हूं, आप पढ़ दीजिएगा। सदर साहब, मेरी गुज़ारिश है आपके ज़रिए कि बात यह निकली थी कि पंजाबी ज़मीन नहीं खरीद सकते। शुरू में आपने फरमाया था कि सिख नहीं खरीद सकते हैं। उसको पंजाबियत तक ही रखिए नहीं तो उसमें एक कड़वाहट का रंग आ जाएगा ....(**व्यवधान**).....

†[شری سکندر بخت : میں تو ختم ہی کر رہا ہوں آپ پڑھ دیجئے گا۔ صدر صاحب میری یہ گزارش ہے آپ کے ذریعہ کہ بات یہ نکلی تھی کہ پنجابی زمین نہیں خرید سکتے۔ شروع میں آپ نے فرمایا تھا کہ سکھ نہیں خرید سکتے۔ اس کو پنجابیت تک ہی رکھئے نہیں تو اس میں کڑواہٹ کا رنگ آجائیگا۔]†

PROF. NAUNIHAL SINGH (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I welcome and support the Motion of Thanks to the President for his Address to the Joint Session of Parliament on 25th March, 1998.

Sir, paragraph 4 of the President's Address amply indicates the very spirit of the Government's intention where it is said that the parliamentary arithmetic alone cannot provide the key to good governance. the key lies in the willingness to rise above the notion of parliamentary majority and minority and work in a true spirit of co-operation, conciliation and consensus. Hence, the Government is imbued with that spirit.

Sir, I am reminded of a very interesting point about the first democracy in Greece some 2500 years ago. In this context of majority and minority it is stated:

> "A democracy is a system of unlimited majority rule, the classic example is ancient Athens. And the symbol of it, is the fate of Socrates, who was put to death legally because the majority did not like what he was saying, although he had initiated no force, and had violated no one's rights."

Sir, I, therefore, appeal to all hon. Members of this august House to follow the spirit of cooperation and consensus in order to solve the burning problems of the country which confront us. In para 10 of the Address it has been mentioned that one of the weaknesses of socio-economic policies so far has been the less than adequate attention to social sector and the Government is pledged to investing large resources in social infrastructure. Besides this, through you, Sir, attention of the House is drawn to para 18 wherein it has been stated by the Government that it will employ urgent measures to step up investment in the infrastructure sector, including power, roads, bridges, etc. I am interested especially in the power sector. I hope the Government will supplement the electricity supply by identifying and exploiting the non-conventional energy sources, specially the solar energy which perhaps is missing. Fortunately, Sir, most parts of the southern India lie in the tropical zone where the sun rays fall direct. But, it is unfortunate that in south India the peak shortage has been 18 per cent whereas in other parts it has been only 11.5 per cent. Sir, it is very suitable if we harness the solar energy.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Please try to be brief.

PROF. NAUNIHAL SINGH: Sir, knowing it full well that power is capital-intensive and for that matter we have to invite foreign investment which is not so easy to acquire, hence, in the *swadeshi* spirit we have to encourage promotion of more and more non-conventional sources of energy especially with the help of the abundant solar energy. Another point which, I wish to highlight is the distribution of energy. Sir, out of the total

†[ ]Transliteration in Arabic Script

energy that is generated in the country hardly 30 percent of it goes to the rural areas where 80 percent people reside and about 70 percent goes to the urban areas. This is an imbalance in the economy. This is an injustice of the highest order against the rural people and which affects the agriculture and the agriculture-based industries. Therefore, I recommend that there should be a National Rural Energy Commission which should monitor the equitable distribution of energy resources so produced.Otherwise, surely, it would be a kind of breach of fundamental rights of the citizens who can claim under the Constitution equitable distribution of national resources. Sir, I stop here although I had to say a lot. But my main emphasis is on the non-conventional energy sources. They have perhaps been neglected. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Hon. Members, I would like to inform you once again that a dinner has also been arranged for you in Room No. 70.

THE TARA CHARAN MAJUMDAR (ASSAM): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am grateful to you for giving me this opportunity to take part in the debate on the President's Address made before the Parliament on 25th March. Several references which have been made in the President's Address are laudable. Through this Address people have been promised the moon. But in view of the financial constraints and all-pervasive corruption, it is doubtful if even 50 per cent of the assurances can be successfully executed. In respect of the assurance given in the Address for achieving success in spheres of national life, I cannot refrain from pointing out some glaring omissions in the report regarding my State and the entire North-Eastern region. This region is under turmoil for more than two decades and in the name of containing insurgency, continued presence of security forces in the region has become a permanent feature.

Sir, there is no mention in the President's Address that the question raised by the so-called insurgents are political questions requiring a political solution. Deployment of security forces for a long time for solving the problems, leads to alienation of the people from the mainstream and also lead to bad relations between the people and the security forces. The Address does not mention anything to assure the people of the region that their ethnic, cultural and social identities would be protected and that steps would be taken to control the movement of people from outside the region to maintain the demographic balance in the region. There is no mention in the Address that urgent and time-bound programmes will be initiated in the region for its development and for removal of disparities in all spheres or for removal of a sense of frustration, neglect and deprivation.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Please be brief.

SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR: Sir, I will not take much time. There is no mention in the President's Address about the absence of infrastructure in the region leading to its backwardness. There is no mention in the Address assuring that measures will be taken for improvement of rail, road and air communications, that attempts would be made to generate power by harnessing the vast water resources available in the region. It is also not mentioned that proper steps will be taken for stopping the devastations caused due to repeated floods and erosion and the river Brahmaputra will be controlled and used for generation of power and other things for the betterment of the economy of the region. The economy of the State can be used for many other purposes such as water-ways. The water resources should be harnessed for the generation of power. The Address fails to mention the burning question of infiltration of foreigners from across the border. There is nothing in the

Address regarding measures to be taken for detection and deportation of foreigners from across the border. Sir, it is admitted by sources that this region is a backward region, it is underdeveloped and it requires special economic programmes. There is noting in the Address that a special time-bound programme will be taken up for removal of backwardness of the region. With these words I conclude. Thank you.

श्री मोहम्मद मसूद खान (उत्तर प्रदेश): मोहतरम, बहुत-बहुत शुक्रिया। मैंने सदर-ए-जम्हूरिया साहब का खुतवा पढ़ा भी और सुना भी। मुझको बहुत उम्मीद लगी थी कि इस देश में जो 70 से 80 फीसदी तक किसान है, डाइरेक्ट या इनडाइरेक्ट, उनकी पैदावार की मुनाफाबख्श कीमत नहीं मिल रही है उसके सिलसिले में कोई कदम उठाया जायेगा।

मान्यवर, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। वहां कैश क्रोप गन्ना है। किसानों का दो-दो-तीन-तीन साल का पैसा बाकी है और उनको गन्ने की कीमत नहीं मिलती है। चौधरी चरण सिंह मरहूम ने कहा था कि देश की खुशहाली का रास्ता खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। जब तक देश के खेत और खलिहानों की हालत ठीक नहीं होगी तब तक हमारा देश खुशहाल नहीं होगा और फिर किसान बगावत पर इतना आमादा हो जाएगा जैसा कि अखबार ने कहा है कि जिस खेत से देहकां को मयस्सर न हो रोटी, उस खेत के हर उस गुन्दुम को जला दो, वहां तक पहुंच जाएगा। मेरी आपसे गुजारिश है और मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि खुतबे से जो उम्मीद बनी थी इस किस्म की कोई बात रहेगी। लेकिन निहायत मायूसी हुई। मोहतरम मैं बहुत ताज्जुब में हूं कि भारतीय जनता पार्टी ने दो साल पहले एक मैनिफैस्टो, जब उनकी 13 दिन की सरकार बनी तब बनाया था। लेकिन बाद में उन्होंने दूसरा एजेन्डा बना दिया। मुझे ताज्जुब होता है कि उन्होंने दूसरा एजेन्डा बनाया। उसको बनाने की क्या जरूरत थी। जो मिनिमम प्रोग्राम पर सहमति थी वही उनके मैनिफैस्टो में होनी चाहिए थी। हिन्दू-हिन्दू करके एक फिजा मुल्क की खराब कर दी। हिन्दू हम हिन्दुस्तान हमारा। हमारे वास्ते मशल-ए-राह है कि हिन्दी हम वतन है, हिन्दुस्तान हमारा। इससे आगे जाने की क्या जरूरत थी। हम बनता है हिन्दू और मुसलमान दोनों को मिलाकर, हिन्दू और माइनोरिटी को मिलाकर। लेकिन हम को तोड़ने की क्या जरूरत थी? आज हमारे नौजवान इस कदम जहर आलूद उसका दिमाग है। हमको उसकी तरफ देखना है कि अगर वह जहर आलूद दिमाग ठीक नहीं हुआ तो आज हमें प्यार भरी बात करने से हमको कुछ नहीं मिलेगा और प्यार भरी बात जब भारतीय जनता पार्टी की तरफ से कही जाती है तो थोड़ा सा शुबहा होता है कि आखिर उन्होंने लिखकर के दिया था राष्ट्रीय इंटीग्रेशन कमेटी और सुप्रीम कोर्ट में लेकिन उसके खिलाफ अमल से इनको बताना है, अपने-अपने किरदार से बताना है। बाकी जो प्यार की बातें कर रहे हैं, चाहे मुसलमानों के साथ चाहे दूसरों के साथ उस पर वे खरे उतरेंगे या नहीं या फिर उसी तरह से रहेंगे जैसे 1992 में हुआ है?

मोहतरम, जो लोग आज महसूस कर रहे हैं, उनके लिए मैं अपनी बात दो शेरों के साथ कहना चाहूंगा।

कि कुछ कह तो गया बर के गजब ने जिसे मारा।

बिजली गिरेगी तो चाहे आह बाह, आह राम,
आह भगवान, आह अल्लाह।
कुछ तो कह जाएगा, उफ कर न सका जिसको
तेरे प्यार ने मारा।
कहीं ये नौबत न पहुंच जाए।

इस वास्ते मैं यह कहना चाहता हूं कि आज मैनिफेस्टों उसी ऐतबार से बदल दीजिये जिसे आपने राष्ट्रीय एजेन्डा बनाया है। उसी के ऐतबार से मैनिफैस्टो बदल दीजिए तब जाकर आपनी बात पर एतमाद होगा। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जो हमारे ऊपर लागू होती है कि भारतीय जनता पार्टी उस समय जनसंघ थी, कांग्रेस से हम नाराज थे। सब मिलकर 1977 में इलैक्शन जीतकर आए। हमने 85 में से 85 सीटें जीत लीं और कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई। आज हम लोग जो भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ थे, उनका दिमाग पता नहीं कहां फिर गया कि वे एक होकर इलैक्शन में आते तो उनका आज यह रोना न होता। भारतीय जनता पार्टी 100 से कम सीटें पाती और यह तो हम लोगों का अहसान है हमको दुवाएं दो कि तुम्हें कातिल बना दिया। वरना अगर हम सही तौर से सोचते तो आज यह नौबत न आती।

तीसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि मैं चौधरी चरण सिंह जी का शागिर्द हूं। उन्होंने हमें यह सिखाया था कि अपोजिशन में रहकर वह बात न कहो जो सत्ता में पूरी न कर सको। हमको आज वह बात नहीं कहनी चाहिये कि वाकई रूलिंग पार्टी में आएं तो वह बात पूरी न कर सकें। हम सब लोगों ने एक मंजर देखा कि कांग्रेस के एक कम्युनिकेशन मिनिस्टर थे। वे 13-14 दिन तक यह

860/RS F-8B

कहते रहे कि पहले मेरी बात सुन लो फिर मुझे मुल्जिम बनाना। इसी बात को लेकर यहां हाउस को चलने नहीं दिया गया। खासतौर से जो लोग आज सत्ता में हैं, आज कौन सी ऐसी बात हो गई है कि आज वे हमको प्यारे हो गये हैं। हमने एक मंजर और भी देखा था कि एक साहब मुख्य मंत्री के खिलाफ नारा लगाते रहे कि उनको बर्खास्त करो, बर्खास्त करो।

इस इलेक्शन में वह उनके साथ है। मैं यह कहना चाहता हूं कि कहीं न कहीं इस चीज पर निगाह होनी चाहिए, इलेक्टोरल रिफार्म की शक्ल पर या किसी और शक्ल पर, अगर हम किसी मैनुफेस्टो पर इलेक्शन लड़ते हैं और अगर खुद उस मैनुफेस्टो से हट जांए तो उसे वह जगह खाली कर देनी चाहिए।

मोहतरमा, आखिरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि इस वक्त कानून और व्यवस्था की हालत बहुत खराब है, हर जगह खराब है। इसके लिए इस गवर्नमेंट को मैं दोष नहीं देता। यह देखा जा रहा है कि इस किस्म के दिमाग डेवलप हो रहे हैं जिससे उनमें बर्दास्त की ताकत नहीं रह गई है। सदर साहब, इस लिए छोटी छोटी रियासतें बनाई जाए। में इस राय का हूं कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश के कानून और व्यवस्था को ठीक करने के लिए खाली उत्तराखंड नहीं, पश्चिम, पूर्व और मिडिल इस तरह की तीन स्टेट बनाई जाए। इतना बड़ा प्रदेश होने के कारण वहां का मुख्य मंत्री तमाम जिलों के बारे में मालूम नहीं कर सकता है।

आखिर में मैं सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं। यह देश की बदकिस्मती है, हमारी बदकिस्मती है, हमारे लोगों की बदकिस्मती है कि :

जो उसूले गुलिस्तां से वाकिफ नहीं,
अब निजामे चमन उनके हाथ आ गया।

†[श्री मोहम्मद मसूद खां "अतर प्रदेश":
محترم - بہت بہت شکریہ - میں نے صدر جمہوریت صاحب کا خطبہ پڑھا بھی سنا بھی مجھکو بہت امید لگی تھی کہ اس دیش میں جو ۷۰ سے ۸۰ فیصدی تک کسان ہیں - ڈائریکٹ یا انڈائریکٹ - ان کی پیداوار کی مناسب بخش قیمت نہیں مل رہی ہے اسکے سلسلے میں کوئی قدم اٹھایا جائیگا -
مانیور میں "اتر پردیش" سے آتا ہوں - وہاں کیش کروپ گنا ہے - کسانوں کا دو دو تین تین سال کا پیسہ باقی ہے اور انکو گنے کی قیمت نہیں ملتی ہے چودھری چرن سنگھ نے کہا تھا کہ دیش کی خوشحالی کا راستہ کھیتوں اور کھلیانوں سے ہو کر گزرتا ہے - جب تک دیش کے کھیت اور کھلیانوں کی حالت ٹھیک نہیں ہوگی تب تک ہمارا دیش خوشحال نہیں ہوگا اور پھر کسان بغاوت پر اتنا آمادہ ہو جائیگا جیسا کہ اخبار نے کہا ہے جس کھیت سے دھقان کو میسر نہ ہو روٹی - اس کھیت کے ہر اس گندم کو جلا دو - وہاں تک پہنچ جائیگا - میری آپ سے گزارش ہے اور میں آپ سے یہ کہنا چاہتا ہوں کہ خطبہ سے جو امید بندھی تھی اس قسم کی کونسی بات رہیگی - لیکن نہایت ہی مایوسی ہوئی - محترم میں بہت تعجب میں ہوں کہ بھارتیہ جنتا پارٹی نے دو سال پہلے ایک مینی فیسٹو - جب انکی تیرہ دن کی سرکار بنی تھی تب بنایا تھا - لیکن بعد میں انھوں نے دوسرا ایجنڈا بنا دیا - مجھے تعجب ہوتا ہے

†] Transliteration in Arabic Script

پھر اسی طرح سے برسیں گے جیسے 1992 میں ہوا ہے۔

محترم۔ جو لوگ آج محسوس کر رہے ہیں۔ اس کے لئے میں اپنی بات دو شعروں کے ساتھ کہنا چاہوں گا کہ۔ کچھ کہہ تو گیا ہر کے غضب نے جیسے مارا۔ بجلی گرے گی تو چاہے آہ و اہ آہ بھگوان آہ اللہ۔ کچھ تو کہہ جائیگا۔ اف کر نہ سکا جسکو تیرے پیار نے مارا۔

کہیں یہ نوبت نہ پہنچ جائے۔ اس واسطے میں یہ کہنا چاہوں گا۔ کہ آج مینی فیسٹو اسی اعتبار سے بدل دیجئے جیسے آپنے راشٹریہ ایجنڈا بنایا ہے۔ اسی کے اعتبار سے مینی فیسٹو بدل دیجئے تب جاکر آپ کی بات پر اعتماد ہوگا۔ میں ایک بات اور کہنا چاہتا ہوں کہ جو ہمارے اوپر لاگو ہوتی ہے کہ بھارتیہ جنتا پارٹی اس وقت جن سنگھ تھی۔ کانگریس سے ہم ناراض تھے۔ سب ملکر 77 میں الیکشن جیت کر آئے۔ ہم نے 85 میں سے 85 سیٹیں جیت لیں اور کانگریس ایک بھی سیٹ نہیں جیت پائی۔ آج ہم لوگ جو بھارتیہ جنتا پارٹی کے خلاف تھے۔ ان کا دماغ پتہ نہیں کہاں پھر گیا۔ کہ وہ ایک ہو کر الیکشن میں آئے تو انکا آج یہ رونا نہ ہوتا بھارتیہ جنتا پارٹی انھوں نے دوسرا ایجنڈا بنا دیا۔ اسکو بنانے کی ضرورت تھی۔ جو مینیمم پروگرام پر سہمتی تھی وہی اسکے مینی فیسٹو میں ہونی چاہیئے تھی۔ ھندو ھندوستان کے ایک ششما ملک کی خراب کر دی۔ ھندو ہم ھندوستان ہمارا۔ ہمارے واسطے مشکل یہ ہے کہ ھندی ہم وطن ہے ھندوستان ہمارا۔ اس سے آگے جانے کی ضرورت تھی ہم بنتا ہے ھندو اور مسلمان دونوں کو ملا کر۔ ھندو اور مائناریٹی کو ملا کر۔ لیکن ہم کو توڑنے کی کیا ضرورت تھی آج ہمارے نوجوان اس قدر زھر آلود اسکا دماغ ہے۔ ہم کو اسکی طرف دیکھنا ہے کہ اگر وہ زھر آلود دماغ ٹھیک نہیں ہوا تو آج ہمیں پیار بھری بات کرنے سے کچھ نہیں ملیگا اور پیار بھری بات جب بھارتیہ جنتا پارٹی کی طرف سے کہی جاتی ہے تو تھوڑا شبہہ ہوتا ہے کہ آخر انھوں نے لکھکر کے دیا تھا راشٹریہ انٹیگریشن کمیٹی اور سپریم کورٹ میں لیکن اسکے خلاف عمل سے انکو بتانا ہے۔ اپنے کردار سے بتانا ہے۔ باقی جو پیار کی باتیں کر رہے ہیں۔ چاہے مسلمانوں کے ساتھ چاہے دوسروں کے ساتھ اس پر یہ کھرے اتریں گے یا نہیں یا

چاہیئے الیکٹورل ریفارم کی شکل پر یا کسی اور شکل پر اگر ہم کسی مینو فیسٹو پر الیکشن لڑتے ہیں اور اگر خود اس مبنی فیسٹو سے ہٹ جائیں تو اسے وہ جگہ خالی کر دینی چاہیئے۔

محترمہ - آخری بات میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اس وقت قانون اور یوستھا کی حالت بہت خراب ہے - ہر جگہ خراب ہے - اس کیلئے میں اس گورنمنٹ کو دوش نہیں دیتا یہ دیکھا جا رہا ہے کہ اس قسم کے دماغ ڈویلپ ہو رہے ہیں جس سے انہیں برداشت کی طاقت نہیں رہ گئی ہے - صدر صاحب اسلئے چھوٹی چھوٹی ریاستیں جائیں - میں اس رائے کا ہوں کہ اتر پردیش جیسے بڑے پردیش کے قانون و یوستھا کو ٹھیک کرنے کیلئے خالی اترا کھنڈ نہیں - پشچمی - پوربی اور میڈل اس طرح کی تین اسٹیٹ بنائی جائیں - اتنا بڑا اتر پردیش ہونے کا کارن وہاں کا مکھیہ منتری تمام ضلعوں کے بارے میں معلوم نہیں کر سکتا ہے۔

آخر میں میں صرف ایک بات کہنا چاہتا ہوں - یہ دیش کی بدقسمتی ہے - ہماری بدقسمتی ہے - ہمارے لوگوں کی بدقسمتی ہے کہ:

... اسے کم سیٹیں ملتی اور یہ تو ہم لوگوں کا احسان ہے ہم کو دعائیں دو کہ تمہیں قاتل بنا دیا - ورنہ اگر ہم صحیح طور سے سوچتے تو آج یہ نوبت نہیں آتی -

تیسری بات میں کہنا چاہتا ہوں کہ میں چودھری چرن سنگھ جی کا شاگرد ہوں - انھوں نے ہمیں یہ سکھایا تھا کہ اپوزیشن میں رہ کر وہ بات نہ کہو جو سبھا میں پوری نہ ہو - ہم کو آج وہ بات نہیں کہنی چاہیئے کہ واقعی رولنگ پارٹی جائیں تو وہ بات پوری نہ کر سکیں - ہم سب لوگوں نے ایک منظر دیکھا کہ کانگریس کے ایک کمیونی کیشن منسٹر تھے - وہ ۱۳-۱۲ دن تک یہ کہتے رہے کہ پہلے میری بات سنو پھر مجھے ملزم بنانا اسی بات کو لیکر یہاں ھاؤس کو چلنے نہیں دیا گیا خاص طور سے جو لوگ آج سبھا میں ہیں - آج کون سی ایسی بات ہو گئی ہے کہ آج وہ ہم کو پیارے ہو گئے ہیں - ہم نے ایک منظر اور بھی دیکھا تھا کہ ایک صاحب مکھیہ منتری کے خلاف نعرہ لگاتے رہے کہ انکو برخواست کرو - برخواست کرو - اس الیکشن میں وہ انکے ساتھ ہیں میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ کہیں نہ کہیں اس چیز پر نگاہ ہونی

جو اصول گلستاں سے واقف نہیں
اب نظام چمن اسکے ہاتھ آ گیا۔

श्री वसीम अहमदः चेयरमैन सर, जो अमेंडमेंट हम लोगों ने और मैंने दिए हैं जाहिर है कि ये प्रसीडेंट एड्रेस के ऊपर हम लोगों ने दिए हैं। यह कैबिनेट की तरफ से एक फार्मुलेट की हुई चीज होती है जिसको प्रेसीडेंट पढ़ता है। इसमें प्रेसीडेंट खुद अपनी ओर से कुछ नहीं कहते। यह गवर्नमेंट की पालिसी होती है और उस पर ऐतराजात हम लोग करते हैं। जहां तक प्रेसीडेंट का सवाल रहा इस पर न कोई ऐतराज करता है और न किसी को करना चाहिए। हम लोगों की हमेशा यह कोशिश रहती है कि जो गवर्नमेंट कायदे से काम करती है उसको हम सराहें और जहां सरकार प्रेसीडेंट एड्रेस में कुछ चीजें भूल जांए उसको हम बतायें कि आपने ये चीजें छोड़ दी हैं। यह जाहिर है कि यह सरकार जिन हालत में बनी है उसे हम सब जानते हैं और जिन हालत में यह प्रेसीडेंट एड्रेस पढ़ा गया। यह भी हम जानते हैं। जल्दी जल्दी में चीजें तैयार हुई हैं। जाहिर है कि नेशनल एजेंडे को सामने रखकर यह प्रेसीडेंट एड्रेस तैयार किया गया है। मेरा इसमें सिर्फ एक ही मानना है और वह यह है कि नेशनल एजेंडा जो आज प्रेसीडेंट एड्रेस की शक्ल में यहां आया है उसमें बहुत कुछ चीजें रह गई हैं। उसमें खासतौर से कम्युनिलिज्म, जहां आपने यह कहा कि हम सेकुलर वेल्यू को कायम रखेंगे, लेकिन जहां कम्युनिलिज्म है उसको वहां कैसे रोकेंगे और बढ़ते हुए कास्टिज्म को कैसे रोकेंगे, इसका खुलासा इस प्रेसीडेंट एड्रेस में नहीं है। जैसा कि आप जानते हैं कि 6 दिसम्बर को इस मुल्क में एक वाटर-शेड हुआ। इसके कारण तमाम चीजें बिगड़ती चली गई और मुल्क की हालत इतनी खराब हो गई कि शायद 1947 में भी इतनी नफरत शायद पैदा हुई हो। बाबरी मस्जिद को 6 दिसम्बर को जो गिराया उससे दोनों कम्युनिटीज के बीच बड़ी नफरत पैदा हुई। जिस वक्त मुल्क टूट रहा था तो मौलाना आजाद ने कहा था कि अफसोस इस बात का है कि पहले मुल्क टूटा और अब दिल टूट गया। 6 दिसम्बर के बाद इस मुल्क के दिलों का बंटवारा हुआ। आज यह जो सरकार बनी है इस सरकार ने यह वायदा किया था कि हम सेकुलर वेल्यूज को बहाल करेंगे। लेकिन इस सरकार के सामने बहुत सी मजबूरियां भी हैं। उनकी मजबूरी यह है कि उनका एक छपा हुए एजेंडा है..... और एक छिपा हुआ एजेंडा है। उस छिपे हुए एजेंडे से मुझे ज्यादा खतरा नजर आ रहा है। जहां तक अटल जी का सवाल है, मैं जाती तौर पर उनकी बहुत इज्जत और ऐहतराम करता हूं। मुझे हासिल है कि अभी जो गल्फ कंट्रीज में डेलीगेशन गया था उसमें मुझे उनके साथ जाने का मौका मिला। उनकी बाहर बहुत इज्जत है। इसमें कोई भी शक नहीं है कि बाहर के लोगों ने उनकी बहुत इज्जत की है। मैं अभी भी कहूंगा कि बाबरी मस्जिद को गिरवाने में या बाबरी मस्जिद का जो एक मूवमेंट विश्व-हिन्दू परिषद्, आर०एस०एस० और बजरंग दल ने चलाया था, शयाद अटल जी वक्तन-फवक्तन अपने आप को बहुत होशियारी के साथ उससे अलग करते रहते थे। लेकिन सवाल यह है कि अटल जी की मजबूरी, उनकी गवनरमेंट की मजबूरी यह है कि वह भी इतने मजबूर हो जाते हैं जब अपनी मर्जी से जसवंत सिंह जी को फाइनेंस मिनिस्टर बनाते हैं तो आर०एस०एस० के जनरल सेक्रेटरी सुदर्शन साहब जाते है...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): नाम नहीं लीजिये। ...(**व्यवधान**)

श्री वसीम अहमदः चलिये, नाम नहीं लूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): आपकी मर्जी है।

श्री वसीम अहमदः आर० एस० एस० के प्रेशर के बाद...(**व्यवधान**) मैं यह बात इसलिये कह रहा हूं कि इस एजेंडे में कनसेंसस जनादेश...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): आज़म साहब आप बीच में रनिंग कमेंटरी मत कीजिए।

श्री वसीम अहमदः जनादेश जो मिला है वह आप और हम जनाते है कि बी०जे०पी० को 179 सीटें मिली हैं लेकिन बी०जे०पी० ने मीडिया के जरिए, वियुअल के जरिये यह इम्प्रेशन दिया कि जैसे उनको 279 सीटें मिली हैं। यह जनादेश उनका नही है बल्कि उनके अलाइज का है और वह अलाइज बाहालाते मजबूरी उसमें आए। उसमें आने की वजह यह हुई कि इसमें कुछ गलतियां हमारी तरफ से हुई हैं, कुछ हमारे कांग्रेस के साथियों की तरफ से हुई, कुछ यूनाइटेड फ्रंट की तरफ से हुई जिसकी वहज से वह अलाइज़ आपकी तरफ से गये। उन अलाइज को मैं मुबारकबाद दूंगा इस बात के लिये कि उन्होंने कम से कम बी०जे०पी० का जो हेटर्ड एजेंडा था उसको नहीं माना चाहे वह आर्टिकल 370 हो या यूनीफार्म सिविल कोड हो या सरकारिया कमीशन पर पूरी बहस हो या इस किस्म की बहुत सी ऐसी चीजें थी जिसकी वहज से बी०जे०पी० आगे बढ़ना चाहती थी। जैसे अयोध्या का इश्यु है इसमें समता पार्टी से ले कर लोक शक्ति और इनकी तमाम पार्टियां उसके खिलाफ

थी लेकिन बी०जे०पी० की मजबुरी यह है कि एक तरफ तो कहते हैं कि गवर्नमेंट हम इस तरीके से चलाएंगे लेकिन दूसरी तरफ पार्टी के हर लेबल पर, हर जिले पर आर०एस०एस० नफरत फैलाने का काम कर रहा है। अभी परसों 29 मार्च को अलीगढ़ की एक स्टोरी छपी है, युवराज झुमरे साहब की इंडियन एक्सप्रेस में स्टोरी है जिसमें यह कहा गया है कि वी०एच०पी० 5 अप्रैल से अयोध्या में इनिशियल कंस्ट्रकक्शन सेरेमनी शुरु करेगी। यह सब बातें इतनी खतरे की हो रही हैं कि इनसे हमें डर लगता है कि यह छपा हुआ एजेंडा कही पीछे न रह जाए और जो छिपा हुआ एजेंडा है, वह कहीं आगे न बढ़ जाए। हमें डर लग रहा है इन चीजों से। अभी अलीगढ़ के अंदर 29 मार्च को 'अमर उजाला' के अंदर दीन दयाल उपाध्याय के मिस्टर महेन्द्र साहब हैं उंहेंने यह कहा है कि मुसलमान जिनके पूर्वज हिन्दू थे हम उनको फिर से हिन्दू बनाने की बात करेंग। यह बातें पहली बार जब से यह सरकार आई है सामने आई हैं। चाहे बजरंग दल हो चाहे वी०एच०पी० हो या आर०एस०एस० हो अपने अपने तरीके से जो इनका हेटर्ड एजेंडा है, उसको बी०जे०पी० के उन तमाम लोगों के जरिये फैलाना चाहती है। हमें खतरा लगता है बी०जे०पी० ने अपने पास वह तीन पोर्टफोलियो रखे हैं—एच०आर०डी, इनफार्मेशन एंड ब्राडकास्टिंग और मिनिस्टरी आफ होम जैसे वह पूरे सिस्टम पर बैठना चाहते हैं। अभी एक चेहरा है अटल जी प्राइम मिनिस्टर है तो अटल जी उस चीज को लागू नहीं होने देंगे। यह मुझे उम्मीद है। लेकिन यह जो मिनिस्ट्रीज है, इनके जरिये सिस्टम पर ऐसे लोग बैठ जाएंगे जिससे आइंदा नफरत का जहर फैले। इस मुल्क में एक खास कल्चर को तरबीयत मिले। इस मुल्क का मल्टीकल्चर है, इस मुल्क में कितनी जबानें हैं और यह मुल्क गंगा-जमीन तहजीब का मुल्क है। यह मुल्क एक कल्चर का मुल्क नहीं है बल्कि यह मुल्क है हजारों साल की बनी हुई तहजीब का। उस तहजीब को अगर हम साथ लेकर चलेंगे तो हम इस मुल्क को मजबूत करने का काम करेंगे। उपसभाध्यक्ष जी, मैंने और भी बहुत से अमेंडमेंट पेश किये थे। लेकिन बदकिस्मती मेरी यह है कि आज मुझे हाउस में उस वक्त बोलने का मौका मिल रहा है जब न यहां मीडिया है न यहां कोई सुनने वाला है।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): मीडिया है।

श्री वसीम अहमद: वह मुझे मालूम है। मैं भी जानता हुए मीडिया को इतिफाक से। हमारे सीनियर साथी सिकंदर बख्त साहब है उस हाउस में, और कोई नहीं है। चलिये रिकार्ड पर कुछ आ जाएगा। चूंकि हम लोग तो अदर्स हैं तो हमारे साथ बिल्कुल एक गैरों जैसा बर्ताव किया गया है। हम उम्मीद करते थे कि हमें उस हाउस में एक ऐसे वक्त पर बोलने का मौका मिलेगा जब हम अपनी बात पूरी ईमानदरी के साथ रख सकेंगे जिसमें कोई हिप्पोक्रेसी नहीं होगी। जिसमें कोई मक्कारी नहीं होगी। हम दिल के साथ अपनी बात रखना चाहते थे। में अपनी बात को आगे बढ़ाते हुये कहना चाहता हूं...

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): यह जरूर मैं आपको निवेदन करना चाहूंगा जिस तरह से चेयर परसन ने नाम पहले दिये, जिस तरह की लिस्ट हर एक से पूछकर दी उसी के अनुसार बिल्कुल ही कार्यवाही हुई है। आप नहीं भी थे क्योंकि आप कह गये थे इस वजह से मैंने इंतजार किया।

श्री वसीम अहमद: मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे यह मौका दिया। मेरे दो-तीन प्वाइंट्स रह गये हैं। एक पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी और क्रिमिनलाइजेशन के सवाल को लेकर है। अभी यू०पी० में जो कुछ हुआ है उसको आप जानते हैं। यह कौन-सा कन्सेंसस है कि आप बी०एस०पी० तोड़ें? मुलायम सिंह का मुकदमा पिछले तीन साल के अंदर कोर्ट के अंदर रजिस्टर भी न हो और एक ही रात के अंदर फैसला हो जाए। लोग इधर से उधर चले जाएं फिर आप कहें कन्सेंसस यह कौन-सा कन्सेंसस है यह कहने का तरीका है आज क्रिमिनल चाहे वह**

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): नहीं देखिये अब you are exceeding your limits चाहे** हो you should not take names.

I think this is very unfair.

श्री वसीम अहमद: फिर क्या करूं साहब नाम न लूं?

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): नाम और इस तरह के नाम ...**(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य: जो व्यक्ति इस सदन में नहीं है...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): यह नाम हटा दीजिए और मैं आपसे कहूंगा ...**(व्यवधान)** आजम साहब मैं चेयर पर हूं। I will ensure that my instructions are carried out with the co-operation of the House. I must

make this very clear वसीम साहब बहुत ही समझदार और बहुत मंजे हुये हमारे सांसद हैं और वे जानते हैं, वे बहुत संतुलन से बात करते हैं। इसी वजह से अब वे समाप्त करने वाले हैं।

श्री वसीम अहमदः एक चीज मैंने कही थी कि हमारे मुल्क में फारेन मीडिया आ रहा है। फारेन मीडिया आए। लेकिन वह एक्स्चेंज आफ व्यूज आदि सब दुनिया में एक दूसरे को विजुअल्स के जरिये से दिखा रहा है हमारे मुल्क में हमारी एक कल्चर है। हमारी तहजीब है। उस कल्चर और तहजीब से हटकर अगर हम अपने मुल्क में फारेन मीडिया के जरिये यहां चीजें दिखाएंगे तो हमारी कल्चर पर इसका असर पड़ेगा। मैं समझता हूं कि इस पर भी हमें गौर करना चाहिये कि हम कोई चीज ऐसी न करें जिससे कि हमारे मुल्क के कल्चर पर असर पड़े।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): अब तो आप खत्म कर रहे हैं।

श्री वसीम अहमदः बिल्कुल। इसमें वायदे किये गये हैं यानी शिड्यूल्ड कास्ट्स के लिये, शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लिये। माइनारिटीज के लिये। कोई बचा नहीं है जिसके लिये वयादे नहीं किये गये हों। लेकिन वायदे करते वक्त यह कहीं नहीं बताया गया है कि हम क्या करेंगे, न उसका कोई टाइम बाउंड प्रोग्राम है। यह बिल्कुल ऐसी बात है कि खाने पर आपको इंवाइटेशन पर बुलाया जा रहा है लेकिन मीनू नहीं बताया जा रहा है बिल्कुल।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): मीनू क्या आपको पहले से भेज दिया जाए?

श्री वसीम अहमदः कम से कम उसका कहीं इंडीकेशन तो हो...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): आप बैठिए मैं पूछ रहा हूं कि किस तरह से ...**(व्यवधान)** क्योंकि आज डिनर है मगर वे जा रहे हैं। इस स्पीच के बाद चले न जाएं इस वहज से मैंने कहा कि मीनू उनके पास भिजवा दूं...**(व्यवधान)**

श्री वसीम अहमदः तो मैं यह कहना चाहता था कि आज ये तमाम बातें थीं। इसमें लेबर की बात है। लेकिन इसमें इंडस्ट्रियल लेबर हमने छोड़ा। हमने इसमें एग्रीकल्चरल लेबर छोड़ा और हमारे मुल्क में जो दस्तकार लोग हैं उनके लिये कोई बात खुलकर नहीं हुई है कि हम उनके लिये क्या करें।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): अब आप समाप्त करें।

श्री वसीम अहमदः रिव्यु आफ द कांस्टीटयूशन? यह एक ऐसा नाजुक मसला है कि जिस मसले को लेकर अगर आपकी टू थर्ड मेजारिटी होती और आप एलाइड्स पर डिपेंडेंट नहीं होते—आपकी तो इस वक्त हालत यह है गवर्नमेंट की कि एक एक एम०पी० के लिये हैरान और परेशान है— उसके बाद कहते कि हम मुल्क के संविधान को बदलेंगे। हम मुल्क के संविधान को रेव्यू करेंगे। आइये दो-तिहाई बहुमत के साथ और इस मुल्क के अंदर अपनी बात कहिये। फिर उसके बाद कहिये कि हम इस संविधान को रेव्यू करना कहते है या बदलना चाहते हैं। यह तो फंडामेंट्ल राइट्स हैं। आप कैसे तमाम इसको कह सकते हैं कि हम संविधान को रेव्यु करेंगे? यह रेव्यु का सहारा लेकर आप संविधान को, जो संविधान हमारे उन विद्वानों ने बनाया जिसकी वहज से आज हम सब लोग यहां मौजूद हैं, इस मूल्क का हर गरीब आदमी, हर बेसहारा आदमी, चाहे वह अकलियतों का हो, चाहे वह वैकवर्ड हो, चाहे वह शैड्यूल्ड कास्ट हो, उनकी तमाम चीजें इस कंस्टीट्यूशन में लिखी हुई हैं, आप चाहते क्या हैं मैं कुछ नहीं समझ पा रहा कि आखिर यह संविधान किस तरीके से इसको रेव्यू किया जाएगा। मेरा मानना है कि यह गवर्नमेंट को चाहिये कि इसको विदड्रा करे और कहिये कि जब हम दो-तिहाई बहुमत से आएंगे तब संविधान को रव्यू करनेकी बात करेंगे।

आखिर में मैं एक शेर पढ़कर सुनाना चाहता हूं:

"हर घड़ी रास्ते नए तामीर के सोचा करें,
आओ हम सब मिल कर अपने देश की सेवा करें,
हर कदम सच्चाई और इखलाक की खातिर उठाएं,
इस तरह अपने अमल से मुल्क को जन्नत बनाएं।"

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, बहुत-बहुत शुक्रिया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Dr. Vizol. He is not there. Dr. Raja Ramanna. I do not see him here. Prof Y. K. Alagh.

SHRI YOGINDER K. ALAGH (Gujarat): Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to speak for a few minutes on something which we seem to be neglecting which is the whole question of the short-run performance of the Indian Economy. I regret that there has been no discussion of this issue. The only thing which we have had is an official document in which we are told—three statements are made—(1) that the growth of the economy in the last year is going to be five per cent or less; (2) that agriculture has grown at a negative rate of two per cent; and (3) that industry has grown at the rate of 4.6 per cent. Now, these are facts and as a former Chairman of the National Income Advisory Committee, I cannot object to these facts. But they give no understanding or no impression to anybody that there is any understanding of the industry and the problem that the Indian economy is facing in the short-run and what is proposed to be done in the next few weeks or in the next few months. I think this is an extremely serious issue. To say that we have had a negative agricultural growth and in a way that justifies a low growth rate is very incorrect. If you look at the Indian economy. it has crossed the stage now when negative agricultural growth should necessarily mean a low growth rate of the economy. If you look at the last 12 years, there are many years in which we have had negative agricultural growth but the growth of the conomy has been six or seven per cent. To say that the manufacturing growth rate is 4.6 per cent is in a way under-estimating the crisis. The industrial growth rate is 4.6 per cent because the electrcity sector has grown at a rate of around 7.5 per cent. The manufacturing growth is, in fact, much lower than that. It is around 3.5 per cent and the crisis is just not being brought out.

I would like to say that there are three factors which need immediate attention and I hope that we will get some response from the Government on them. The first is that this is an economy which has been facing a very serious demand crisis, demand deficiency. Many of us had been saying that. I can give you quotations from my own speeches as well as for, so many other economist. Now, we have got a Budget which says that the Central Plan expenditure was budgetted at Rs. 91,839 crores. The revised estimate that is given to us is Rs. 81,000 crores. This means a shortfall of Rs. 10,000 crores in the Central Plan expenditure in a year when we have excess capacity.

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): क्या सदन सहमत है कि लीडर आॅफ द हाउस कुछ समय के लिए बाहर चले जाएं?

श्री सिकन्दर बक्त: दो मिनट के लिए जाना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): All right.

†[نیتا سدن شری سکندر بخت:
دو منٹ کیلئے جانا چاہتا ہوں۔]

SHRI YOGINDER K. ALAGH: I am sorry that I am not catching his attention.

He is obvisously not interested in what I am saying.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): No, no. He is very much interested. He had asked Dr. Mahesh to take notes.

SHRI YOGINDER K. ALAGH: All right. This is the first time in the last ten years that the Annual Plan shows a short fall of Rs. 10,000 crores. I regret that the hon. Leader of the House did not even have the time to listen to what I say.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKINATH CHATURVEDI): He has gone for a short while. He is coming back. Sometimes, there are compulsions when one naturally has to leave.

†[ ]Transliteration in Arabic Script

